केन्द्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद्

आदिवासी स्वास्थ्य रक्षा अनुसंधान कार्यक्रम:-

- यह कार्यक्रम 1982 में प्रारम्भ किया गया था एवं 6 अधीनस्थ संस्थानों / एककों अर्थात राष्ट्रीय आयुर्वेद सिद्ध मानव संसाधन विकास, अनुसंधान संस्थान, ग्वालियर, आयुर्वेद मानसिक स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान, नागपुर, आयुर्वेद क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, पटना, उत्तर पूर्व भारतीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, गुवाहाटी, आयुर्वेद क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, ईटानगर, आयुर्वेद आदिवासी स्वास्थ्य रक्षा अनुसंधान परियोजना, पोर्टब्लेयर में 2013-14 तक जारी है।
- यह कार्यक्रम आदिवासी उपयोजना (टीएसपी) के अंर्तगत सीसीआरएएस के 14 अधीनस्थ संस्थानों के माध्यम से 14 राज्यों बढ़ाया जा चुका है।
- इस कार्य क्रम के अंर्तगत विभिन्न गतिविधियां निम्ननुसार है:
  1. आदिवासी लोगों के जीवन अवस्थाओं का अध्ययन करना।
  2. स्वास्थ्य सांख्यिकी से संबंधित जानकारी एकत्र करना।
  3. आहार संबंधी आदतों का अध्ययन करना।
  4. प्रचलित रोगों इत्यादि की तीव्रता एवं प्रकृति का अध्ययन करना।
  5. क्षेत्र के सामान्य औषधि पादपों का प्रयोग।
  6. उनके नजदीकी स्थानों पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना।
  7. आयुर्वेद की विचारधारा पथ्या-पथ्य जिसमें स्वच्छ आदतें, आहार अभ्यास शामिल हैं के बारे में जानकारी प्रदान करना।
  8. जीवन का स्वस्थ तरीका एवं स्वच्छ वातावरण अपनाने से रोगों से बचाव (स्वच्छता)।
  9. क्षेत्रीय औषधियां/ तथा क्षेत्र में प्रचलित पांरम्परिक अभ्यासों का एकत्रीकरण।
- कार्यक्रम की स्थिति:
- प्रारम्भ से लगभग 767 ग्राँ वों की कुल 8,12,133 आबादी कार्यक्रम में शामिल की गई तथा 2,74,046 रोगियों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई।
- क्षेत्रीय दावे/एल.एच.टी. का प्रलेखीकरण किया गया।
- परिषद् ने आदिवासी स्वास्थ्य रक्षा के अंर्तगत दो मोनोग्राफ प्रकाशित किए अर्थात असम के कामरुप जिले के आदिवासियों की स्वास्थ्य रक्षा से संबंधित डेमोग्राफी (2008) तथा अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के आदिवासियों की स्वास्थ्य रक्षा से संबंधित डेमोग्राफी (2010)

आदिवासी स्वास्थ्य रक्षा अनुसंधान परियोजना का राज्यवार आवंटन:-

क्र.सं.	चयनित राज्य	संस्थान/केन्द्र/एकक
1.	मध्य प्रदेश	राष्ट्रीय आयुर्वेद सिद्ध मानव संसाधन विकास, अनुसंधान संस्थान, ग्वालियर
2.	महाराष्ट्र	आयुर्वेद मानसिक स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान, नागपुर
3.	बिहार	आयुर्वेद क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, पटना
4.	असम	उत्तर पूर्व भारतीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, गुवाहाटी
5.	अरुणाचल प्रदेश	आयुर्वेद क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, ईटानगर
6.	अण्डमान एवं निकोबार द्वीप समूह	आयुर्वेद आदिवासी स्वास्थ्य रक्षा अनुसंधान परियोजना, पोर्टब्लेयर
7.	पश्चिम बंगाल	राष्ट्रीय आयुर्वेद औषधि विकास अनुसंधान संस्थान, कोलकाता
8.	उड़ीसा	राष्ट्रीय आयुर्वेद औषधि विकास अनुसंधान संस्थान, भुवनेश्वर
9.	सिक्किम	आयुर्वेद क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, गंगतोक
10.	कर्नाटक	राष्ट्रीय आयुर्वेद आहार विज्ञान अनुसंधान संस्थान, बंगलुरु
11.	आन्ध्र प्रदेश	राष्ट्रीय आयुर्वेद रोग वाहक जनित रोग अनुसंधान संस्थान, विजयवाड़ा
12.	राज्यस्थान	आयुर्वेद केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान, जयपुर
13.	तमिलनाडु	अंचन्ता लक्ष्मीपति आयुर्वेद अनुसंधान केन्द्र, चेन्नई
14.	जम्मू एवं कश्मीर	राष्ट्रीय सोवा-रिग्पा अनुसंधान संस्थान, लेह